डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

29 दिसंबर 2025

सोमवार




कैंसर पीड़िता हूं, इलाज के लिए बहू नहीं बेचने दे रही जमीन

3



## एक नजर

### कुलदीप सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उन्नाव दुष्कर्म केस में दोषी ठहराए गए और आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को राहत देने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सोमवार, 29 दिसंबर को शीर्ष अदालत सीबीआई की उस याचिका पर विचार करेगी, जिसमें सेंगर की सजा निलंबन और जमानत को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की कॉज लिस्ट के मुताबिक, इस अहम मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी। इस पीठ में न्यायमूर्ति जे.के. महेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल होंगे। सीबीआई के साथ-साथ अधिवक्ता अंजली पटेल और पूजा शिल्पकर की ओर से दायर एक अलग याचिका पर भी अदालत सुनवाई करेगी।

### नेहरू के पत्र और दस्तावेज पीएम संग्रहालय को लौटाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अपील की है कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े पत्र और दस्तावेज प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) को वापस लौटाएं। उन्होंने कहा कि ये दस्तावेज किसी एक परिवार या व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे देश की विरासत हैं। पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना नेहरू जी के निधन के बाद हुई थी। पहले इसे नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) कहा जाता था, जिसे 2023 में बदलकर पीएमएमएल कर दिया गया। इस संग्रहालय में सभी प्रधानमंत्रियों से जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि 1970 से 1990 के बीच नेहरू जी से जुड़े गैर-सरकारी दस्तावेज, निजी पत्र, उन्हें मिले जवाब और उनकी निजी टिप्पणियां संग्रहालय में सुरक्षित रखी गई थीं।

## डीजल इंजन बंद करो, वरना यूरोप वाले नियम लगा दूंगा : नितिन गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। भारत में जल्द ही सीएनजी और 100 परसेंट इथेनॉल से चलने वाले ट्रैक्टर आम हो सकते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस मुहिम को मूरत रूप देने में पूरी ताकत से लग गए हैं। उन्होंने रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में इस मुद्दे पर कुछ बड़ी बातें कही। उन्होंने पेट्रोल और डीजल के इस्तेमाल को लेकर एक बार फिर अल्टरनेटिव फ्यूल्स को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर वैकल्पिक ईंधनों को नहीं अपनाया गया तो यूरो 6 इमिशन नॉर्म्स को सख्ती से लागू किया जाएगा। गडकरी के बयान को सरकार की मौजूदा फ्यूल और इमिशन पॉलिसी से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें



प्रदूषण कम करने और ईंधन आयात पर खर्च घटाने पर फोकस है। गडकरी ने कहा कि वह ट्रांसपोर्ट मंत्री के तौर पर पेट्रोल और डीजल के विकल्पों को अपनाने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बदलाव नहीं हुआ तो यूरो 6 इमिशन नॉर्म्स लागू किए जाएंगे. यूरो 6 नॉर्म्स के तहत गाड़ियों के लिए सख्त एमिशन नॉर्म्स तय होते हैं, जिससे इंजन टेक्नोलॉजी और वाहनों की लागत बढ़ सकती है। इसी वजह से सरकार चाहती है कि कंपनियां पहले से ही अल्टरनेटिव फ्यूल्स की तरफ बढ़ें। यूरो 6 इमिशन नॉर्म्स गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषण को सीमित करने के लिए बनाए गए सख्त नियम हैं, जिनका मकसद हवा में जहरीली गैसों और पार्टिकुलेट मैटर को कम करना है। इन नॉर्म्स के तहत डीजल और पेट्रोल इंजन वाली गाड़ियों से नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सूक्ष्म कणों के उत्सर्जन पर कड़ी सीमा तय की जाती है।

### फ्लेक्स इंजन ट्रैक्टर्स पर अपडेट

गडकरी ने बताया कि ट्रैक्टर कंपनियों ने 100 प्रतिशत इथेनॉल और सीएनजी पर चलने वाले फ्लेक्स इंजन ट्रैक्टर्स तैयार कर लिए हैं. ये ट्रैक्टर्स अब उपयोग के लिए तैयार हैं। फ्लेक्स इंजन ऐसे इंजन होते हैं जो एक से ज्यादा तरह के ईंधन पर चल सकते हैं, जिससे फ्यूल चॉइस में लचीलापन मिलता है और खर्च कम हो सकता है।

### हाइड्रोजन फ्यूल पर ट्रायल और लॉन्च

हाइड्रोजन फ्यूल को लेकर भी सरकार की गतिविधियां तेज हुई हैं। गडकरी ने बताया कि हाल ही में तीन हाइड्रोजन आधारित ट्रक्स लॉन्च किए गए हैं। इनमें से दो ट्रक्स डीजल या पेट्रोल इंजन के साथ हाइड्रोजन के कॉम्बिनेशन पर चलते हैं, जबकि एक ट्रक पूरी तरह हाइड्रोजन फ्यूल सेल टेक्नोलॉजी पर आधारित है। उन्होंने यह भी कहा कि कंस्ट्रक्शन और एग्रीकल्चर इक्विपमेंट में भी ऐसे ईंधनों पर प्रयोग किए जा रहे हैं।


## पनडुब्बी आइएनएस वाघषीर में सवार हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी आइएनएस वाघशीर से भारतीय समुद्री क्षेत्र का दौरा किया। मुर्मु पनडुब्बी से समुद्री दौरा करने वाली दूसरी राष्ट्रपति बन गईं। इससे पहले, फरवरी 2006 में एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति बने थे जिन्होंने पनडुब्बी की सैर का अनुभव किया था। भारतीय नौसेना करवार अड्डे का विकास भारत के हिंद महासागर क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी भी करवार नौसेना अड्डे से कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी में राष्ट्रपति मुर्मु के साथ उपस्थित रहे। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर भी हैं। राष्ट्रपति सचिवालय ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने करवार नौसेना अड्डे पर भारतीय नौसेना की स्वदेशी कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आइएनएस वाघशीर में प्रवेश किया।' राष्ट्रपति ने नौसेना की वर्दी पहन रखी थी और पनडुब्बी में प्रवेश करने से पहले नौसेना के कर्मियों से हाथ हिलाया। नौसेना के अधिकारियों के अनुसार आइएनएस वाघशीर, पी75 स्कार्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी है, जिसे जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

### सुरक्षा, खेल व विज्ञान में भारत की सशक्त उपस्थिति

# साल 2025 भारत के लिए गर्व और आत्मविश्वास का साल : पीएम मोदी



- आॅपरेशन सिंदूर और क्रिकेट विश्व कप जीत प्रमुख
- काशी तमिल संगमम व राम मंदिर ध्वजारोहण गर्व के क्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 2025 के अंतिम संस्करण में वर्षभर की उपलब्धियों, राष्ट्रीय भावनाओं और भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत के लिए गर्व के अनेक पड़ाव लेकर आया, जिनकी यादें हमें लंबे समय तक प्रेरित करती रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में 2025 की कई तस्वीरें, कई चचाएं और कई उपलब्धियों के बारे में बात की, जिन्होंने पूरे देश को एक साथ जोड़ दिया। राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मन में पूरे एक साल की यादें घूम रही हैं। 2025 ने हमें ऐसे कई पल दिए, जिस पर हर भारतीय को गर्व हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की सुरक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, विज्ञान की प्रयोगशालाओं से लेकर दुनिया के बड़े मंचों तक भारत ने हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी। ह्यमन की बातञ्ज कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बना। दुनिया ने साफ देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। ऑपरेशन सिंदूरके दौरान देश के कोने-कोने से मां भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आईं। लोगों ने अपने-अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किए।

### पीएम मोदी ने वंदे मातरम 150 अभियान

उन्होंने आगे कहा कि यही जज्बा तब भी देखने को मिला जब वंदे मातरम के 150 साल पूरे हुए। मैंने आग्रह किया था कि हैशटैग वंदे मातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजें। देशवासियों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2025 खेल के लिहाज से भी यादगार साल रहा। पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीती और महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत की बेटियों ने ह्यब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। एशिया कप में भी तिरंगा शान से लहराया। पैरा एथलीटों ने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतकर यह साबित किया कि कोई बाधा हौसलों को नहीं रोक सकती है।

### प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या राम मंदिर ध्वजारोहण

आस्था, संस्कृति और भारत की विरासत की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि साल की शुरूआत में प्रयागराज महाकुंभ ने पूरी दुनिया को चकित किया। साल के अंत में अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। स्वदेशी को लेकर भी लोगों का उत्साह खूब दिखाई दिया। लोग वही सामान खरीद रहे हैं, जिसमें किसी भारतीय का पसीना लगा हो और भारत की मिट्टी की सुगंध हो। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम गर्व से कह सकते हैं कि 2025 ने भारत को और अधिक आत्मविश्वास दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब 2026 में नई उम्मीदों और नए संकल्पों के साथ देश आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

## कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज है : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने रविवार को अपना 140वें स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश के साथ खड़ी रही है। राहुल गांधी पार्टी के मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित 140वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी समेत कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। गांधी ने पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि संकल्प है कि नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई और अधिक मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेसजन को हार्दिक शुभकामनाएं। हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं, जिन्होंने भारत को आजादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को मजबूत किया। रायबरेली के सांसद ने पार्टी सदस्यों को बधाई दी और कांग्रेस की विरासत को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेसी को हार्दिक बधाई। हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने भारत को आजादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को मजबूत किया। उन्होंने आगे कहा कि

## मलेरिया के मामलों में 97 फीसदी की गिरावट : शाह

**एजेंसी। अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत में मलेरिया के मामलों में 97 फीसदी की कमी आई है और देश जल्द ही इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। अहमदाबाद के शेला में आयोजित भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आयुष्मान भारत और मिशन इंद्रधनुष जैसी स्वास्थ्य योजनाओं की वजह से मलेरिया के मामलों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि डेंगू से होने वाली मौतों की दर घटकर केवल एक फीसदी रह गई है, जबकि मातृ मृत्यु दर में 25 फीसदी की कमी आई है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार का स्वास्थ्य बजट 37 हजार करोड़ रुपये था, जो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर 1.28 लाख करोड़ रुपये हो गया है। शाह ने कहा कि ये सभी उपलब्धियां तब संभव होती हैं, जब योजनाएं जमीनी स्तर पर सही तरीके से लागू की जाती हैं और इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।गृहमंत्री अमित शाह ने डॉक्टरों से कहा कि उन्हें अपनी कोशिशों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं और बुनियादी ढांचे के साथ जोड़ना चाहिए, ताकि बेहतर नतीजे सामने आएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को स्वस्थ जनसंख्या की जरूरत है और इसमें डॉक्टरों व आईएमए की भूमिका पहले से कहीं अधिक अहम हो गई है।







केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बक्सर

बक्सर, 29 दिसंबर 2025

website:keshavtimes.com

e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# 1550 प्रोजेक्ट्स ने रचा इतिहास, द एमिटी स्कूल में ऑल सब्जेक्ट्स एग्जीबिशन बना आकर्षण का केंद्र

■ **विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला और साहित्य के नवाचारों से सजी छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रदर्शनी**




**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड स्थित सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल परिसर में ऑल सब्जेक्ट्स प्रोजेक्ट एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट सहित विभिन्न विषयों से जुड़े रचनात्मक और नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय में उपस्थित मुख्य अतिथि डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह, नवोदय विद्यालय बक्सर के वरीय शिक्षक आर. सी. मिश्रा, अमरावती पेट्रोल पंप संचालक अमर सिंह व द एमिटी स्कूल के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथियों का स्वागत फूल-माला, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से छात्रों में रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखती, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान से भी जोड़ती है। वहीं अन्य अतिथियों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शनी का सराहना किया। जबकि विद्यालय के निदेशक अमरेंद्र राजेश ने अपने संबोधन में कहा कि द एमिटी स्कूल भारत के उन चुनिंदा विद्यालयों में से है, जहां ऑल सब्जेक्ट्स प्रोजेक्ट एग्जीबिशन का नियमित आयोजन किया जाता है। यहां छात्रों को केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक, रचनात्मक और नैतिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है। प्रदर्शनी में छात्रों ने कुल 1550 से अधिक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से इतिहास रच दिया। विज्ञान विषय में सोलर सिस्टम, स्मार्ट सिटी, विंड पावर प्लांट, रोबोटिक्स, वाटर मैनेजमेंट, फायर अलार्म, डिजिटल इंडिया जैसे मॉडल प्रस्तुत किए गए। सामाजिक विज्ञान में भारतीय संविधान, लोकतंत्र, संसद प्रणाली, सतत विकास, इसरो, भारतीय दर्शन और भूगोल से जुड़े विषयों पर प्रोजेक्ट्स लगाए गए। वहीं हिंदी, अंग्रेजी और आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत साहित्यिक परियोजनाएं, कविता, पेंटिंग, क्राफ्ट मॉडल और रचनात्मक कलाकृतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। प्रत्येक विषय में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आगंतुकों ने छात्रों की मेहनत और विद्यालय की इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टांप मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय गिरोह को शरण देने की अफवाह निकली बेबुनियाद

# मझवारी के मस्जिद में पाकिस्तानियों के आने की सूचना पर मचा हड़कंप, पुलिस जांच में फर्जी निकाल मामला

■ **सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की तैयारी**

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझवारी पंचायत के मझवारी गांव में रविवार को फैली एक सनसनीखेज अफवाह ने कुछ देर के लिए पूरे इलाके को तनाव के माहौल में झोंक दिया। गांव की एक मस्जिद में अंतर्राष्ट्रीय गिरोह (पाकिस्तानियों) के लोगों को शरण दिए जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित छापेमारी की, लेकिन गहन जांच के बाद यह दावा पूरी तरह झूठा और भ्रामक साबित हुआ। पुलिस को मस्जिद परिसर से न तो कोई संदिग्ध व्यक्ति मिला और न ही किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री या गतिविधि के साक्ष्य। दरअसल, दोपहर के समय पुलिस को सूचना मिली थी कि मझवारी गांव की मस्जिद में कुछ बाहरी और संदिग्ध लोग ठहरे हुए हैं, जिनका संबंध किसी अंतर्राष्ट्रीय गिरोह से बताया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना देर किए गांव में पहुंचकर मस्जिद और आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से कुछ समय के लिए गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग तरह-तरह की चचाएं करने लगे। मौके पर सिमरी के अलावे तिलक राय के हाता व नया भोजपुर थाने की पुलिस टीम पहुंच गई थी। हालांकि, जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, अफवाह की परतें खुलती चली गईं। तलाशी के दौरान मस्जिद में मौजूद सभी लोगों की पहचान की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वहां मौजूद लोग सिमरी प्रखंड के ही दो-



तीन गांवों के निवासी थे, जो नियमित धार्मिक गतिविधियों (जमात) के लिए मस्जिद में एकत्र हुए थे। पुलिस को न तो कोई बाहरी व्यक्ति मिला और न ही ऐसा कोई तथ्य, जिससे अंतर्राष्ट्रीय गिरोह की मौजूदगी की पुष्टि हो सके। मंझवारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सलीम अंसारी ने बताया कि गांव के कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर यह झूठी सूचना फैलाई गई थी। उनका कहना था कि इस तरह की अफवाहें गांव के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने और आपसी भाईचारे में दरार डालने के उद्देश्य से फैलाई जाती हैं। उन्होंने पुलिस की निष्पक्ष जांच की सराहना करते हुए मांग की कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हिमाकत न कर सके। जांच में शामिल पुलिस पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि

> सिमरी के मझवारी गांव स्थित एक मस्जिद में विदेशियों के शरण लेने की सूचना पर पुलिस टीम को जांच के लिए भेजा गया था, लेकिन जांच में आरोप फर्जी निकला, मस्जिद में मौजूद सभी लोग स्थानीय निकले।
>
> **पोलस्त कुमार, एसडीपीओ, डुमरांव**

गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करना पुलिस की जिम्मेदारी थी, लेकिन जांच में आरोप निराधार पाए गए। उन्होंने यह भी कहा कि मस्जिद एक धार्मिक स्थल है और वहां किसी तरह की अवैध या संदिग्ध गतिविधि का कोई प्रमाण नहीं मिला। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि झूठी सूचना किसने और किस मकसद से दी, ताकि संबंधित लोगों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाना न सिर्फ सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकता है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अपुष्ट या भ्रामक सूचना पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध जानकारी की पुष्टि प्रशासनिक स्तर पर कराएं। घटना के बाद गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। पुलिस की समझदारी और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी गलतफहमी समय रहते दूर हो गई। ग्रामीणों ने भी शांति बनाए रखने का भरोसा जताया है। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि अफवाहें कितनी तेजी से माहौल को बिगाड़ सकती हैं और उनसे निपटने के लिए सतर्कता व जिम्मेदारी कितनी जरूरी है।

## बंद घर में अज्ञात चोरों ने उड़ाएं लाखों की सामग्री छत के सहारे घुसे अज्ञात चोर

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के नया बाजार वार्ड संख्या 7 में एक बंद घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर से लाखों रुपये मूल्य के अनाज और आभूषण चोरी कर लिए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और हड़कंप का माहौल है।मामला नया बाजार वार्ड 7 निवासी सुनीता देवी, पति स्व. रमन दुबे से जुड़ा है। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले एक महीने से अपने इलाज के लिए हरिद्वार गई हुई थीं। घर से जाने से पहले उन्होंने सभी दरवाजों को अच्छी तरह बंद कर ताला लगाया था। रविवार की दोपहर इलाज कराकर जब वह वापस लौटीं, तो बाहर से घर का मुख्य दरवाजा और ताला पूरी तरह सुरक्षित मिला। लेकिन जैसे ही वह घर के अंदर प्रवेश कीं, उनका होश उड़ गया। पीड़िता के अनुसार घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर छत के रास्ते साड़ी बांधकर घर में घुसे थे। अलमारी और बक्सों को



तोड़कर उसमें रखे कीमती आभूषण गायब थे। इसके साथ ही घर में खाने के लिए रखा आटा, चावल और अन्य अनाज भी चोर उठा ले गए। चोरी की यह वारदात इस बात का संकेत है कि चोरों ने काफी समय और इत्मीनान से पूरे घर को खंगाला।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास की महिलाएं और ग्रामीण मौके पर जुट गए। पीड़िता का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़िता से पूछताछ की।इस संबंध में नवानगर थाना अध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिली है। पीड़िता द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि घनी आबादी वाले इलाके में छत के सहारे साड़ी बांधकर चोर कैसे घर में घुस गए, किसी को भनक तक नहीं लगी। इससे इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल घटना के बाद नया बाजार क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## पड़रिया के दो सपूत बने सेना के अफसर, मेहनत और संस्कार की मिसाल बने अतुल-अंबुज

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के परमानपुर पंचायत अंतर्गत पड़रिया गांव के लिए यह पल गर्व और खुशी से भरा है। गांव के किसान परिवार से निकलकर दो सगे भाइयों ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अशोक कुमार सिंह के पुत्र अतुल कुमार सिंह और अंबुज कुमार सिंह की इस सफलता को लोग कड़ी मेहनत, अनुशासन और मजबूत संस्कारों का परिणाम मान रहे हैं। बड़े भाई अतुल कुमार सिंह ने 13 दिसंबर को देहरादून स्थित प्रतिष्ठित इंडियन मिलिट्री एकेडमी से पासिंग आउट परेड के बाद लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया। वहीं छोटे भाई अंबुज कुमार सिंह भी सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और वर्तमान में प्रशिक्षणरत हैं। उनका पासिंग आउट परेड अगले वर्ष 12 दिसंबर को प्रस्तावित है। दोनों भाइयों के गांव आगमन पर रविवार



को पड़रिया में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया, मिठाइयां बांटी गईं और अखंड हरिनाम कीर्तन का आयोजन कर ईश्वर का आभार प्रकट किया गया। परिवार के अनुसार दोनों भाइयों की सफलता के पीछे पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और देशसेवा की भावना रही है। इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त दादा रामायण सिंह ने शुरू से ही दोनों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। माता आरती देवी ने गृहस्थी संभालते हुए बच्चों के सपनों को संबल दिया। दोनों भाइयों ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता-पिता, दादा और गुरु के. के. मिश्रा को दिया। आज अतुल और अंबुज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से देश की सेवा के सर्वोच्च मंच तक पहुंचा जा सकता है।

### एक नजर

## महीनों से फरार मोबाइल चोर गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में पुलिस की सक्रियता और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख की चर्चा तेज हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कांड संख्या 98/25 के तहत दर्ज मोबाइल चोरी मामले में नामजद अभियुक्त बोरा खान, पिता कयूम खान, निवासी नया भोजपुर, घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह-जगह ठिकाने बदल रहा था, लेकिन पुलिस की लगातार निगरानी और खुफिया तंत्र के आगे उसकी एक न चली।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी नवरत्न किला, नया भोजपुर क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और बिना किसी हंगामे के आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि आरोपी पर मोबाइल चोरी का ठोस मामला दर्ज है और उसकी गिरफ्तारी पुलिस की प्राथमिकता में थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।

## एसडीएम आवास के पास से हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा, गंगा से बरामद हुआ नाथ बाबा मंदिर का चंदन

**बक्सर।** नाथ बाबा मंदिर परिसर से चोरी गया सफेद चंदन आखिरकार पुलिस की सतर्कता से बरामद हो गया है। नगर थाना पुलिस ने गंगा नदी के यमुना घाट से दोनों विशाल चंदन वृक्षों की लकड़ी को सुरक्षित बाहर निकालकर श्रद्धालुओं को बड़ी राहत दी है। 22 दिसंबर की रात असामाजिक तत्वों ने मंदिर परिसर से सफेद चंदन के दो बड़े पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया था। यह चोरी केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं थी, बल्कि मंदिर की धार्मिक पहचान और आस्था से भी जुड़ी हुई थी। घटना के बाद श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखा गया था। नगर थानेदार मनोज कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमुना घाट पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान पता चला कि चोरों ने चंदन की लकड़ी को गंगा नदी में डुबोकर छिपा रखा था, ताकि किसी को शक न हो। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों लकड़ियों को नदी से बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, बरामद सफेद चंदन की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। बरामदगी की सूचना मिलते ही मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर थानेदार ने बताया कि इस मामले में संलिप्त लोगों की पहचान हो चुकी है और जल्द ही पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर की आस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## चौकी नंबर दो हटाए जाने से असुरक्षित हैं लोग, बहाल करने की उठी मांग

**डुमरांव।** वर्षों से नगर के जंगल बाजार रोड में चल रहे पुलिस चौकी नंबर दो को विगत छह माह से हटा दिया गया है। इसके हटाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध शुरू हो गया है। लोगों का कहना है की जिस रोड में चौकी स्थापित किया गया था, उसका सीधा जुड़ाव फोरलेन से हो गया है। ऐसे में पहले की अपेक्षा इस रोड में लोगों के साथ वाहनों का आना-जाना पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। ऐसे में चौकी को जंगलबाजार से हटाए जाने से लोगों की असुरक्षा बढ़ गई है। इतना नहीं नगर के आसपास क्षेत्र के लोग भी अपने को असुरक्षित महशूस कर रहे हैं। स्थापित किय गए चौकी नंबर दो को फिर से स्थापित करने की मांग होने लगी है। चौकी को बहाल करने के लिये रविवार को एसपी शुभम आर्य के को पूर्व वार्ड पार्षद सोनू राय ने आवेदन दिया है। आवेदन पर एसपी ने इस पर सकरात्मक पहल करने की बात कही है। मालूम हो कि चौकी के रहने से दर्जनभर मोहल्ले के लोग सरक्षित रहते थे। इतना ही नहीं आपसी तनाव को भी चौकी के पुलिस कर्मियों के द्वारा मामला थाना में नहीं जाने देते हुए सुलक्षा दिया जाता था। अब तो फोरलेन बढ़ने और डुमरांव शहर का विस्तार होने से इस रोड का महत्व और बढ़ गया है। इस रोड से होकर फोरलेन और नया भोजपुर सीधा जुड़ गया है।

# भक्ति में वर्णाश्रम का भेद नहीं, कर्म बिगड़ने पर मनुष्य बन जाता है राक्षस : उमेश ओझा

■ **कर्म और भक्ति का दिव्य संदेश, श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर**

**केटी न्यूज/बक्सर**

ब्रह्मलीन पूज्य संत श्री रामचरितदास जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 18 दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन संपूर्ण वातावरण भक्ति और अध्यात्म से सराबोर नजर आया। कथा व्यास श्री उमेशभाई ओझा के श्रीमुख से प्रवाहित अमृतवाणी को सुनकर श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूबते चले गए।

**भजनों से गूंजा पंडाल, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु**



सातवें दिन की कथा का शुभारंभ सुमधुर भजनों और बधाई गीतों से हुआ। ह्वबड़ी दूर नगरी कैसे आऊं रे कन्हाईह्व, ह्वबजे बधाई हो रही जय-जयकारह्व और ह्वआज नंद द्वारे बाजे बधैयाह्व जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा पंडाल कृष्णमय वातावरण में डूब गया और भक्तों की आंखों में आस्था की चमक दिखाई दी।

### कर्म बिगड़ने पर मनुष्य बन जाता है राक्षस

व्यास पीठ से समाज को गहन संदेश देते हुए श्री उमेशभाई ओझा ने कहा कि मनुष्य का असली परिचय उसका कर्म होता है। उन्होंने कहा, ह्वजब मन, वचन और कर्म बिगड़ जाते हैं, तब मनुष्य राक्षस बन जाता है।ह्व उन्होंने जरासंध, शिशुपाल और कंस का उदाहरण देते हुए बताया कि ये जन्म से मनुष्य थे, लेकिन अपने कुकर्मों के कारण राक्षस कहलाए। वहीं सद्कर्म और भक्ति मनुष्य को देवतुल्य बना देते हैं।

### भक्ति में कोई जाति-वर्ण का भेद नहीं

व्यास जी ने स्पष्ट किया कि कर्मकांड का अधिकार सीमित हो सकता है, लेकिन भक्ति का अधिकारी हर प्राणी है। जटायु और माता शबरी के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान भक्ति देखते हैं, जाति या वर्ण नहीं। जो निष्कपट भाव से प्रभु का स्मरण करता है, भगवान उसे अपनाते हैं।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का दिव्य वर्णन

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और असुरों के वध का भावपूर्ण वर्णन किया गया। अघासुर, बकासुर, धेनुकासुर और पूतना वध के प्रसंगों ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। पूतना प्रसंग में व्यास जी ने बताया कि वह पूर्व जन्म में राजा बलि की कन्या रत्नमाला थी, जिसे प्रभु ने मोक्ष प्रदान किया।

### भजन संध्या में भक्तिरस की वर्षा

भजन संध्या में व्यास चंदन राय, आर्यन बाबू, चितरंजन पांडेय, कृष्णा बेदर्दी, गुड्डू पाठक, उमेश जायसवाल तथा मामा जी महाराज के परिकरों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भक्ति का प्रवाह बना रहा।





## डुमरांव थाने में आयोजित जनता दरबार में रोते हुए हाथ जोड़ बोली बुर्जुग महिला

# एसपी हुजूर... कैंसर पीड़िता हूं, इलाज के लिए बहू नहीं बेचने दे रही जमीन








- डुमरांव थाने में आयोजित हुआ एसपी का जनता दरबार, सामाजिक मुद्दों से लेकर व्यक्तिगत मामलों तक की लगी रही झड़ी
- जनता दरबार में जमीन विवाद संबंधित रहे सर्वाधिक मामले, सामाजिक मुद्दो पर मुखर दिखे

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एसपी हुजूर... मैं कैंसर पीड़िता हूं, मेरी बड़ी बहू इलाज के लिए मेरे हिस्से की पैतृक जमीन नहीं बेचने दे रही है, मेरी मदद कीजिए। इतना कहते ही डुमरांव के तिवारी टोला निवासी वृद्धा सुनैना देवी रो पड़ी। यह वाकया रविवार को डुमरांव थाने में आयोजित एसपी के जनता दरबार का था। वहीं, वृद्धा की बहू गायत्री का कहना था कि पैतृक जमीन का एक बड़ा हिस्सा पहले ही उनकी सास व ससुर मिलकर बेच चुके है तथा वे अपने छोटे बेटे को ही पूरी संपति देना चाहते है। बहू का कहना था कि बंटवारे के बाद मैने जिस पैतृक भू-भाग पर मकान का निर्माण कराई हूं उसे भी ये लोग बेचना चाह रहे है। एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डुमरांव थानाध्यक्ष को इसका समाधान कर दोनों पक्षों को न्याय दिलाने का निर्देश दिए।

इसके पूर्व इस जनता दरबार का उद्घाटन एसपी ने किया और सबसे पहले सामाजिक मुद्दों को जनता दरबार में रखा गया, जिसमें सबसे अधिक युवा ही मुखर नजर आए।

सामाजिक मुद्दों की शुरूआत पूर्व वार्ड पार्षद सोनू राय ने महारानी उषारानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के आस पास यानी राजगढ़ चौक इलाकों में जबकि प्रो. सुभाष चंद्रशेखर ने सुमित्रा महिला कॉलेज के आस पास मनचलों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस गश्त कराने की मांग की। जिस पर एसपी ने डुमरांव थाने की महिला एसआई प्रियंका कुमारी को महिला सिपाहियों के साथ नियमित गश्त करने का निर्देश दिया। वहीं, प्रो. सुभाष चंद्रशेखर ने सुमित्रा कॉलेज पथ में सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग भी की, जिस पर एसपी ने नगर परिषद के अधिकारियों को पत्र निर्गत करने का आश्वासन दिया।

वहीं, अभिषेक रंजन साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया, ताकि साइबर क्राइम का शिकार होने से लोग बचे तथा उन्हें यह समझ में आए कि साइबर फ्राड का शिकार होने पर वे क्या एहतियाती कदम उठाए।

### एसडीपीओ समेत वरीय अधिकारी रहे मौजूद

एसपी के जनता दरबार में डुमरांव एसडीपीओ पोलत्स कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर श्रीनाथ कुमार, डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डुमरांव थाने के पुलिस पदाधिकारी मतेन्द्र कुमार, प्रियंका कुमारी, बिपीन कुमार, जितेन्द्र सिंह समेत सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## जंगली शिव मंदिर व कसिया में असमाजिक तत्वों व नशेड़ियो का मुद्दा भी उठाया गया



**केटी न्यूज/डुमरांव**

एसपी के जनता दरबार में प्रो. सुभाष चंद्रशेखर ने डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर परिसर तथा आस पास में रात आठ बजे के बाद नशेड़ियों के जमावड़े की शिकायत की तथा पुलिस गश्त कराने की मांग की। वहीं, कसिया पंचायत के मुखिया व रजडीहा गांव निवासी भरत तिवारी ने एसपी को बताया कि उनके गांव के सरकारी विद्यालय व एकौनी मोड़ के पास शाम ढलते ही नशेड़ियों का बोलबाला हो जाता है। एसपी ने तत्काल थानाध्यक्ष को दोनों जगहों पर पुलिस गश्त तेज करने तथा नशेड़ियो को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। वहीं, एसपी ने कहा कि नशेड़ियों को सामाजिक स्तर से समझाकर उनके नशे की लत को छुड़वाना सबसे बेहतर उपाय है। उन्होंने ग्रामीणों से शराब व मादक पदार्थों के संबंध में पुलिस को गुप्त सूचना देने की अपील की और कहा कि यदि ग्रामीण सहयोग करें तो पुलिस समाज के तस्करों का सफाया कर सकती है।

## डुमरांव है बड़ा अनुमंडल, स्थापित किया जाए साइबर थाना : दीपक यादव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

वहीं, युवा नेता दीपक यादव ने जनता दरबार में एसपी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा, जिसमें जिक्र किया गया है कि डुमरांव बक्सर से बड़ा अनुमंडल है तथा यहा साइबर थाना की स्थापना होनी चाहिए। अपने मांग पत्र में दीपक ने उल्लेख किया है कि एक लाख से कम के साइबर फ्राड के मामले में साइबर थाना केस नहीं लेता है, वह लोकल पुलिस के पास भेज देता है, जबकि लोकल पुलिस के पास पर्याप्त संसाधन का अभाव है, जिस कारण ऐसे मामलों का उद्भेदन नहीं हो सकता है। इस पर



एसपी ने कहा कि एक लाख से कम के साइबर फ्राड मामलों का एफआईआर लोकल पुलिस को ही दर्ज करना है, ऐसा नियम है। इससे स्थानीय पुलिस की कार्यकुशलता भी बढ़ती है। इसके अलावे दीपक ने डुमरांव थाने में सीसीटीवी के मॉनिटरिंग व ऑपरेटिंग सिस्टम लगाने, डुमरांव में जाम की समस्या का स्थायी निदान करने, खासकर चौक रोड में स्टेट बैंक के पास लगने वाले भीषण जाम से निजात दिलाने, सोशल मीडिया पर फैलते अपराध पर लगाम लगाने तथा खराब पड़े सीसीटीवी के मरम्मत की मांग की। जिस पर एसपी ने साकारात्मक आश्वासन दिया।

## एसपी के सामने वृद्धा मां के साथ पहुंचा बिहार पुलिस का एएसआई



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जनता दरबार में उस समय अजीबो-गरीब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब खुद बिहार पुलिस का एक एएसआई अपनी वृद्धा मां के साथ फरियाद लेकर पहुंच गया। एएसआई अमित कुमार व उसकी मां बालकेश्वरी कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय मठियां गांव के रहने वाले है। उनका कहना है कि उनकी निजी जमीन पर कब्जा की नियत से सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर गांव निवासी नामजदो द्वारा जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें उन्हें तथा उनकी मां को गंभीर चोटे आई थी, बावजूद कोरानसराय पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोपित उन्हें धमकी दे रहे है। एसपी ने इस मामले को काफी गंभीरता से सुना तथा पीड़ित एएसआई को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## जनता दरबार में सबसे अधिक जमीन विवाद के फरियादी पहुंचे

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एसपी के जनता दरबार में सर्वाधिक मामले जमीन विवाद के पहुंचे थे। जिसमें सरकारी जमीन पर अतिक्रमण से लेकर निजी जमीन विवाद का मुद्दा भी शामिल था।

जनता दरबार में पहुंचे बन्हेजी डेरा के राधाकृष्ण चौधरी ने एसपी को बताया कि उसके विपक्षी उसकी निजी जमीन को जोतने नहीं दे रहे है तथा विपक्षी परिवार के दो सदस्य बिहार पुलिस में नौकरी करते है।

हमलोग न्याय के लिए थाने में आवेदन दिए थे तो विपक्षियों ने पुलिस से मिलकर हमलोगों पर ही




144 करवा दिया। एसपी ने इस मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई तथा त्वरित न्याय का भरोसा दिया। कसिया के मनीष कुमार ने सरकारी आहर की जमीन के अतिक्रमण का मुद्दा उठाया जबकि अटांव पंचायत के पूर्व सरपंच शंभूलाल श्रीवास्तव ने वर्तमान सरपंच पति उमेश यादव पर पोखरे की पिंडी जो सरकारी जमीन है उस पर कब्जा कर घर बनाने का आरोप लगाया और कहा कि इस कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के आने-जाने का मार्ग बाधित हो गया है। इसके अलावे डुमरांव के निर्भरा मिश्र, राकेश कुमार, लक्ष्मीना देवी, कसिया के योगेन्द्र नाथ तिवारी आदि ने अपने-अपने जमीन विवाद के जबकि डुमरांव के फुटपाथी संघ के नेता मिंटू हॉशमी ने फुटपाथियों से संबंधित मामले जनता दरबार में रखे।

## रूस में अच्छी नौकरी व मोटी पगार दिलाने के नाम पर आधा दर्जन युवाओं से ठगी, एसपी से लगाई फरियाद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

थाना क्षेत्र के बाहर से आने वाले सबसे चर्चित मामलों में युवाओं के साथ ढगी का मामला था, जिसमें बिहार व यूपी के आधा दर्जन युवाओं से रूस की राजधानी मास्को में अच्छी नौकरी व मोटी पगार दिलाने के नाम पर डेढ़-डेढ़ लाख की ठगी का मामला भी शामिल थे। एसपी से गुहार लगाने वाले डुमरांव के चारमोटिया इनार निवासी संजीत कुमार, सिमरी थाना क्षेत्र के धनहा गांव निवासी मुटुर कुमार पाल, केशोपुर निवासी संतोष मिश्र, यूपी के बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार, बड़का खेत के लालजीत कुमार, कोटवा कैमूर जिले के रामगढ़ निवासी राजनारायण चौधरी, बब्लू चौधरी आदि ने बताया कि यूपी के ही कोटवा नारायणपुर निवासी धर्मेन्द्र निषाद से उनकी मुलाकात 10 नवंबर 2025 को यूपी के बलिया जिले के चर्चित मंगला भवानी मंदिर के पास हुई थी। इस दौरान उसने हम सभी को मास्कों में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसे में ले लिया तथा पास्पोर्ट व वीजा बनाने के नाम पर सभी से डेढ़-डेढ़ लाख रूपए ले लिया। पीड़ितों ने बताया कि वह फ्राड सभी को लेकर मुंबई गया तथा वही से रूस भेजने की बात कह रहा था। विश्वास में लेने के लिए उसने हमलोगों को हवाई जहाज का टिकट भी दिया था, लेकिन जिस दिन रूस जाने को बताया था उस दिन तक पासपोर्ट व वीजा नहीं दिया और कहा कि जिसके माध्यम से जाना था वह कंपनी ही भाग गई है। इसके बाद से वह फरार चल रहा है। एसपी ने उन्हें सुझाव दिया कि चुकि यह मामला यूपी का है, इसलिए आपलोग वहां के नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज कराए, इसके बाद ही पुलिस आपकी मदद कर पाएगी।

# पुलिस ने बिना चालान वाले दो हाइवा को जब्त कर दर्ज की प्राथमिकी

**केटी न्यूज/रोहतास**

रविवार को रजौली थाना क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय एवं सिमरकोल मोड़ समीप से खनन विभाग द्वारा बिना चालान के दो गिट्टी लदे हाइवा ट्रकों को जब्त किया गया है। खनन विभाग द्वारा किए गए कार्रवाई से बिना चालान के गिट्टी ढ़ोनेवाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में निरीक्षक संतोष प्रकाश झा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बिना वैध चालान के गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर अनुमंडल कार्यालय रजौली के समीप एक गिट्टी लदे हाइवा ट्रक संख्या जेएच. 2 बीक्यू. 8062 को परिवहन चालान की जांच हेतु रोका गया।हाइवा चालक छापेमारी दल को देखते हुए वाहन लेकर भागने लगा। जिसका पीछा कर वाहन को रुकवाया गया, किंतु चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसके बाद हाइवा को स्थानीय चालक के मदद से चालू करा धर्म कांटा पर वजन कराया गया, जिसमें वहां का गिट्टी समेत कुल वजन तहत 48740 किलो पाया गया। जो परिवहन क्षमता से अधिक है। दूसरी ओर सिमरकोल मोड़ के समीप हाइवा ट्रक संख्या जेएच 12 क्यू 3645 का चालक छापेमारी दल को देखकर भाग खड़ा हुआ। जिसका एलएनभी धर्मकांटा पर वजन करवाया गया।धर्मकांटा पर गिट्टी लदे ट्रक का वजन 49250 किलो पाया गया,जो परिवहन क्षमता से अधिक था।उक्त दोनों गिट्टी लदे हाइवा ट्रक को चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर परिवहन विभाग के पार्किंग में लगाया गया।खान निरीक्षक ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज किए जाने तक वाहन चालक अथवा वाहन मालिक प्रतिनिधि द्वारा परिवहन किया जा रहे खनिज के संबंध में वैध परिवहन ई-चालान अधोहस्ताक्षरी अथवा रजौली थाना के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया।इससे स्पष्ट है कि दोनों हाइवा ट्रक के द्वारा अवैध रूप से पत्थर तथा गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था,जो की एक संयेज्ञ अपराध है।इसको लेकर हाइवा ट्रकों के मालिक एवं चालक ने विरुद्ध बिहार खनिज अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट किया है कि बिना चालान के गिट्टी परिवहन से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है और खनन विभाग इसको लेकर लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जबकि खान निरीक्षक ने बताया कि एनएच 20 लगातार गश्त करके बिना चालान के वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।



# गोलीकांड हत्या मामलें में एएसपी में त्वरित कार्रवाई कर 12 आरोपी को भेजा गया जेल

- **प्रेसवार्ता कर गोलीकांड का एएसपी ने किया उद्भेदन,हथियार और कारतूस बरामद**

**केटी न्यूज/रोहतास**

रविवार को बिक्रमगंज अनुमंडलीय एएस संकेत कुमार ने पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्रवाई कर 12 आरोपियों को भेजा जेल। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के लाला अतिमि गांव में दो पक्षों के बीच उतपन्न विवाद में गोलीबारी में दोनों पक्षों में बीच बचाव करने पहुंचे एक निर्दोष व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। घटना मामले में मृतक की पत्नी सीमा देवी ने स्थानीय थाने में 20 नामजद व दर्जनों आज्ञात पर प्राथमिकी कराया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है,जिसमें चार महिला और तीन पुरुष हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने स्वयं आर्म्स रखने के आरोप एक अन्य प्राथमिकी कराया है। जिसमें 16 नामजद और आधे दर्जन से अधिक आज्ञात हैं। जिसमें पांच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिसमें तीन महिलाएं और दो पुरुष हैं। देर शाम स्थानीय थाने में उक्त मामले को ले एएसपी संकेत कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि उक्त घटना सम्पूर्ण रूप से भूमि विवाद से जुड़ी है। जिसमें दो प्राथमिकी हुई है, जिसमें एक मृतक की पत्नी ने किया है और दूसरा स्वयं पुलिस द्वारा आर्म्स रखने के आरोप में किया है। पहले प्राथमिकी पुलिस द्वारा की गई है जिसमें राजकुमार सिंह, विनय सिंह, बेबी देवी, शिल्पी कुमारी, मालती देवी, वहीं दूसरी प्राथमिकी में मृतक के पत्नी के द्वारा की गई जिसमें अजीत कुमार सिन्हा, मोती लाल सिंह, रिचु सिंह, इंदु सिंह, राम दुलारी कुंवर, उषा देवी, और ममता कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटनास्थल तीन देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस 7.62 एमएम का, छह खोखा, बारह एमएम के आठ जिंदा कारतूस, बरामद हुए हैं। जबकि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को ले पुलिस गहन छापामारी कर रही है। घटित घटना के बाद ग्रामीण गोलियों के तड़तड़ाहट की गूंजने सुन अभी भी सहमे हुए हैं। हालांकि पुलिस ने निरंतर कैम्प कर फिलहाल शांति व्यवस्था गांव कायम कर रखा है। घटना में मौत के बाद मृतक व्यक्ति का रविवार की सुबह नम आंखों से पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर गांव के ही श्मशान घाट पर दाहसंस्कार किया गया। दूसरी तरफ पति के मौत के बाद उनकी पत्नी और बच्चे सहित पूरा परिवार सदमे में डूबा हैं।



## नवादा जिले के युवक की सूरत के कपड़ा फैक्ट्री में मौत, परिवार में पसरा मातम

**नवादा ।** रजौली थाना क्षेत्र के इमलियाटांड़ के एक युवक की मौत सूरत के एक कपड़ा फैक्ट्री में सीढ़ी से गिरने के बाद हो गई। जिसका पार्थिव शरीर रविवार की सुबह रजौली पहुंची।परिजनों में मातम पसरा हुआ है।मृतक युवक की पहचान इमलियाटांड़ निवासी विनोद मालाकार के 32 वर्षीय पुत्र आकाश मालाकार के रूप में हुई है।रजौली विधायक विमल राजवंशी पीड़ित परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया एवं नियमानुसार उचित न्याय दिलाने का आश्वासन भी दिया।आकाश के चचेरे भाई कमलेश कुमार ने बताया कि आकाश विगत 27 नवंबर को घर से सूरत पैसे कमाने के लिए गया था।आकाश के साथ पड़ोसी दुर्गा सिंह भी था।दुर्गा सिंह ने बताया कि बीते 25 दिसंबर की रात्रि लगभग 8 बजे फैक्ट्री में सीढ़ी पर गिर पड़ा। जिसे सहकर्मियों की मदद से उठाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने आकाश की मौत की पुष्टि की।वहीं स्थानीय पुलिस के सहयोग से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद कपड़ा फैक्ट्री के मालिक द्वारा पार्थिव शरीर को रजौली भेज दिया गया। जो रविवार की सुबह पहुंचा।परिजनों ने बताया कि आकाश की मौत हार्ट अटैक के कारण बताई जा रही है। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी फुटेज में आकाश बेहोश अवस्था में दिख रहा है,जिसे सहकर्मियों द्वारा सीढ़ी से उठाकर होश में लाने का प्रयास किया जा रहा है। वही आकाश अपने पीछे चार महीने की गर्भवती पत्नी के अलावे 5 वर्षीय बेटी को छोड़ गया है।आकाश की मौत के बाद परिजनों का रो-रो बुरा हाल है।

# नवाडीह में जंगली बंदरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत,हमले में लोग घायल

- **पहाड़ से उतर बंदरों का झुंड गांव में मचाते हैं उत्पात, लोगों ने प्रशासन से मांगी मदद**

**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के नवाडीह और ढेलाबाद गांव में रविवार की दोपहर पहाड़ से उतरे एक दर्जन से अधिक जंगली बंदरों ने जमकर गांव उत्पात मचाया। इस संदर्भ में भयभीत ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन दर्जन की झुंड में बंदर पहाड़ के रास्ते आकर गांव में जमकर उत्पात मचाते हैं। जिस दौरान वह बच्चों और महिलाओं पर झपटा मारते हुए जख्मी तक कर देते हैं। रविवार को तब हद हो गया जब बंदरों का एक झुंड ने हमला कर एक महिला को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जिस हमले में 70 वर्षीय अनारकली कुंवर, 10 वर्षीय बच्ची दीपिका कुमारी बुरी तरह जख्मी हो गई। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सिद्धेश्वर कुमार शर्मा ने जख्मी लोगों को एक निजी क्लिनिक में प्राथमिक ईलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक द्वारा दोनों जख्मी मरीजों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र,रोहतास भेजा दिया गया। साथ ही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि बंदरों और लंगूरों के आतंक से पूरा गांव दहशत में है। जिन बंदरों के कारण किसानों के खेत, खलिहान, सब्जी,फसलों काफी क्षति भी हो रही है। इस संबंध में समस्त ग्रामीणों ने स्थानीय और जिला के वन विभागीय प्रशासन से बंदरों के आतंक से बचाने की गुहार लगाई है। वही शिक्षक ललन सिंह ने कहा कि वन विभाग प्रशासन को त्वरित कार्रवाई कर लोगों को बंदरों और लंगूरों के आतंक से मुक्त करना चाहिए। ताकि ग्रामीण प्रतिदिन भयमुक्त होकर अपनी दिनचर्या कार्य को कर सकें।



# करैला डेरा के पास अनियंत्रित बाइक पलटी, पेट्रोल पंप कर्मी की दर्दनाक मौत, परिजनों का फूटा गुस्सा

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर थाना क्षेत्र के चौसाझ्र कोचस मुख्य मार्ग पर करैला डेरा गांव के समीप रविवार को एक बार फिर बदहाल सड़क ने एक युवक की जान ले ली। पेट्रोल पंप पर वर्षों से ईमानदारी से काम कर रहे 35 वर्षीय अभिषेक कुमार की बाइक हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोविंदापुर गांव निवासी अभिषेक कुमार रामपुर स्थित विश्वनाथ फ्यूल सर्विस सेंटर पर पिछले करीब आठ वर्षों से नोजलमैन के रूप में कार्यरत थे। रविवार को वह रोज की तरह अपने चाचा दीपक कुमार के साथ ड्यूटी पर थे। दोपहर करीब 12 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद वह पिपराढ़ गांव निवासी एक परिचित को बाइक से छोड़ने गए। लौटते समय करैला डेरा गांव के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे ने उसकी जिंदगी छीन ली। अचानक बाइक असंतुलित होकर पलट गई और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल बक्सर रेफर किया गया। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और सड़क जाम कर आक्रोश जताया। उनका आरोप था कि सड़क पर लंबे समय से गड्ढे हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। पुलिस ने समझा-बुझाकर किसी तरह स्थिति को संभाला।

राजपुर थाना अध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने इस हादसे को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बताते हुए सड़क मरम्मत की मांग तेज कर दी है।



## एक नजर

### आज नटवार और लिलवछ उपकेंद्र फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत नटवार व लिलवछ विद्युत शक्ति उपकेंद्र के पावर ट्रांसफार्मर मे तेल डालने तथा नटवार मे अधिष्ठापित नया पावर ट्रांसफार्मर का लोड विभाजित करने के कारण दोनों विद्युत शक्ति उपकेंद्र से निकले सभी 11 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति 29 दिसंबर के सोमवार को सुबह 11 से शाम 17 बजे के बीच बन्द रहेगी। इस संदर्भ में बिक्रमगंज सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार के द्वारा दोनों पीएसएस क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओ से आग्रह किया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी उपयोगी काम अवश्य निपटा लें। जो विद्युत मरम्मति कार्य के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव देते हुए बताया कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्योंकि इस सहूलियत कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है। जिससे विद्युत उपभोक्ता को निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित रूप से संचालित किया जा सके।

### नवादा जिले के युवक की सूरत के कपड़ा फैक्ट्री में मौत, परिवार में पसरा मातम

**नवादा ।** रजौली थाना क्षेत्र के इमलियाटांड़ के एक युवक की मौत सूरत के एक कपड़ा फैक्ट्री में सीढ़ी से गिरने के बाद हो गई। जिसका पार्थिव शरीर रविवार की सुबह रजौली पहुंची।परिजनों में मातम पसरा हुआ है।मृतक युवक की पहचान इमलियाटांड़ निवासी विनोद मालाकार के 32 वर्षीय पुत्र आकाश मालाकार के रूप में हुई है।रजौली विधायक विमल राजवंशी पीड़ित परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया एवं नियमानुसार उचित न्याय दिलाने का आश्वासन भी दिया।आकाश के चचेरे भाई कमलेश कुमार ने बताया कि आकाश विगत 27 नवंबर को घर से सूरत पैसे कमाने के लिए गया था।आकाश के साथ पड़ोसी दुर्गा सिंह भी था।दुर्गा सिंह ने बताया कि बीते 25 दिसंबर की रात्रि लगभग 8 बजे फैक्ट्री में सीढ़ी पर गिर पड़ा। जिसे सहकर्मियों की मदद से उठाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने आकाश की मौत की पुष्टि की।वहीं स्थानीय पुलिस के सहयोग से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद कपड़ा फैक्ट्री के मालिक द्वारा पार्थिव शरीर को रजौली भेज दिया गया। जो रविवार की सुबह पहुंचा।परिजनों ने बताया कि आकाश की मौत हार्ट अटैक के कारण बताई जा रही है। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी फुटेज में आकाश बेहोश अवस्था में दिख रहा है,जिसे सहकर्मियों द्वारा सीढ़ी से उठाकर होश में लाने का प्रयास किया जा रहा है। वही आकाश अपने पीछे चार महीने की गर्भवती पत्नी के अलावे 5 वर्षीय बेटी को छोड़ गया है।आकाश की मौत के बाद परिजनों का रो-रो बुरा हाल है।

### शाहाबाद पुरोहित सेवा संघ ने असहायों के बीच किया कंबल वितरण

**बिक्रमगंज।** रविवार को दावथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मलियाबाग के भगवान राम लक्ष्मण जानकी मंदिर के प्रांगण में पुरोहित सेवा संघ शाहाबाद ने करीब पांच सौ गरीब व असहाय लोगों को कंबल व वस्त्र वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत शांति पाठ,भगवान राम जानकी की आरती,पूजन एवं हवन के साथ किया गया । इस मौके पर डॉ. नागेंद्र झा महिला कॉलेज बिक्रमगंज के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र मिश्रा ने कहा कि गरीब व असहायों के बीच कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य है। ताकि रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों,ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुध लेने वाला कोई निकले यह साहसिक कदम है, जो ब्राह्मण दान लेते हैं वहीं दान देते भी हैं। वहीं पुरोहित सेवा संघ शाहाबाद के अध्यक्ष जगदीश नारायण दुबे ने कहा कि गरीबों एवं असहायों की मदद करना कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने कहा कि हम सभी विप्र लोगों ने यह निश्चय किया कि आगे भी ऐसे सेवा कार्य करते रहेंगे । मौके पर सचिव अरुण पांडेय,कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, दिनेश पांडेय,रामजी तिवारी,गौरी शंकर ओझा,गंगा शंकर पांडेय, विंध्याचल दुबे,संतोष पांडेय उर्फ भोला पांडेय,मुन्ना मिश्रा,विनोद पांडेय, कमलेश तिवारी,राधेश्याम तिवारी,संतोष पांडेय,अमन पांडेय, मदन पांडेय,कृष्णकांत दुबे,अरुण पांडेय,निक्कू पांडेय ,मनोज पांडेय, मुन्ना कुमार पांडेय, मिथिलेश दुबे, अरुण पाठक, मीडिया प्रभारी चारों धाम मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### संकुल स्तरीय पंचपदी एनईपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**तिलौथू ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार पंचपदी आधारित शिक्षण पद्धति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एन.ई.पी पर आधारित संकुल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुई आयोजित। रोहतास विभाग के विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे जी के कुशल मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक विभिन्न चरणों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे, संकुल अंतर्गत समस्त सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्यों तथा सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभाग प्रमुख श्री धरणीकांत पांडे ने पंचपदी शिक्षण पद्धति के प्रत्येक चरण भूमिका, प्रस्तुतीकरण, अभ्यास,मूल्यांकन एवं अनुप्रयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही एन.ई.पी. 2020 के अनुरूप पाठ योजना निर्माण के अद्यतन स्वरूप को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। पाठ योजना निर्माण एवं प्रस्तुति का विषयानुसार व्यावहारिक प्रदर्शन आचार्यों एवं दीदी द्वारा भी किया गया।

# भोजपुर में हिस्ट्रीशीटर को छुड़ाने के लिए पुलिस पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से हमला

- **पुलिस ने मां सहित दो महिलाओं को किया गिरफ्तार**

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले में शनिवार की देर शाम पुलिस बल पर ईट-पत्थर व लाठी-डंडा से हमला कर पकड़े गए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी को छुड़ाए जाने का मामला सामने आया है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज, सतपहाड़ी डीपो मोहल्ला की है। इसे लेकर दारोगा रोशन अली के बयान पर प्राथमिकी की गई है। जिसमें गौसगंज सतपहाड़ी निवासी सोनी देवी पति मुन्ना गिरी, गुड़िया देवी पति स्व. राज कुमार, विक्की गिरी उर्फ साधु गिरी एवं सागर गिरी समेत छह-सात अज्ञात को आरोपित किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो महिला आरोपितों सोनी देवी व गुड़िया देवी को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें सोनी देवी वांछित बदमाश की मां बतायी जाती है। पुलिस ने प्राथमिकी में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं ईट-पत्थर से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट कांड वांछित बदमाश विक्की गिरी गौसगंज, सतपहाड़ी डीपो मोहल्ला स्थित घर में छुपा हुआ है। जिसके बाद टीम गठित कर मोहल्ला में छापेमारी की गई। जिसके बाद पुलिस ने सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी कर वांछित साधु गिरी को धर दबोचा। आरोप है कि दस-बारह की संख्या रहे महिला व पुरूष आरोपितों ने लाठी-डंडा व ईट-पत्थर से पुलिस बल पर हमला कर दिया। इस दौरान पकड़ा गया आरोपि पुलिस को धक्का देकर फरार हो गया। इस बीच महिला पुलिस ने दो महिला आरोपितों सोनी देवी व गुड़िया देवी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, अन्य फरार हो गए। पूछताछ में दो अन्य लोगों के नाम बताए गए। जिन्हें पुलिस ने आरोपित किया है। मालूम हो कि 26 नवंबर 2025 को टाउन थाना क्षेत्र के उजियार टोला, बिंद टोली से संध्या समय हिमांशु शर्मा की हत्या करने के लिए षड्यंत्र रचते चार बदमाशों को अवैध हथियार समेत पकड़ा गया था। उजियार टोला, बिंद टोली निवासी दशई कुमार उर्फ कुंदन राम, बिंद टोली निवासी साहिल कुमार उर्फ सौरभ यादव , बिंद टोली निवासी रिक्की कुमार एवं नवादा थाना के गोढ़ना रोड निवासी भोलू राय के पास पास से एक देसी पिस्टल, तीन कारतूस एवं एक मैगजीन बरामद किया था। इसके अलावा एक बुलेट , एक आर वन-15 बाइक एवं चार मोबाइल जब्त किया गया था। इसे लेकर दर्ज प्राथमिकी में गौसगंज,सतपहाड़ी निवासी विक्की गिरी उर्फ साधु गिरी का भी नाम आया था। इसे लेकर नामजद प्राथमिकी की गई थी।



## ईट-पत्थर से हमला करने का गंभीर आरोप

पुलिस ने प्राथमिकी में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं ईट-पत्थर से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट कांड वांछित बदमाश विक्की गिरी गौसगंज, सतपहाड़ी डीपो मोहल्ला स्थित घर में छुपा हुआ है।

# ई-केवाईसी में तकनीकी गड़बड़ी से पेंशनधारी बुजुर्ग ठंड में परेशान

**केटी न्यूज/रोहतास**

करगहर प्रखंड में ई-केवाईसी की प्रक्रिया तकनीकी खामियों के कारण बुजुर्गों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई है। पिछले चार दिनों से पेंशन से जुड़े ई-केवाईसी कार्य में आधार बायोमेट्रिक फेल होने और सर्वर डाउन रहने के चलते सैकड़ों वृद्धजन ठंड में भटकने को मजबूर हैं। केवाईसी अनिवार्य होने के कारण लाभार्थी चाहकर भी प्रक्रिया टाल नहीं पा रहे हैं। केवाईसी कराने वाले साइबर संचालकों व अधिकृत संस्थानों के संचालकों का कहना है कि पूरे दिन सर्वर की स्थिति बेहद खराब रहती है। केवल सुबह दो बजे से सात बजे तक ही सर्वर ठीक से काम करता है, जबकि सातझ्रआठ बजे के बाद सर्वर लगभग ठप हो जाता है। इसी वजह से लाभार्थियों को सुबह चार बजे ही बुलाया जा रहा है, ताकि किसी तरह ई-केवाईसी पूरी कराई जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वृद्धजनों को इस कारण सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। ठंड के मौसम में तड़के घर से निकलकर लंबी दूरी तय कर प्रखंड या साइबर केंद्र पहुंचना उनके लिए जोखिम भरा साबित हो रहा है। कई बार घंटों इंतजार के बाद भी बायोमेट्रिक फेल होने से केवाईसी नहीं हो पा रही है। जिससे उनका पेंशन भुगतान अटकने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लाभार्थियों में वृद्ध लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ साह, गंगा साह, फहीम खान, जैबुन निशा, सबरा खारुन, सुलेखा खातुन और इब्राहिम इद्रीसी सहित कई बुजुर्गों ने बताया कि बार-बार आने के बावजूद काम नहीं हो पा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द तकनीकी सुधार नहीं हुआ तो पेंशन से वंचित होना पड़ेगा। इस संदर्भ में बुजुर्गों और सामाजिक कार्यकताओं ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।



# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने नौका विहार समेत कई सेवाओं का किया शुभारंभ



**एजेंसी। पटना**

प्राकृतिक संपदा, गरम जलधाराओं, घने जंगलों और समृद्ध जैव विविधताओं के लिए प्रसिद्धि मुंगेर जिले के खड़गपुर झील में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नौका विहार का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद सम्राट चौधरी ने कहा- खड़गपुर झील के विकास से जहां जिले को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी वहीं बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के अवसर भी सुजित होंगे। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस दिशा में लगातार और योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है।डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर पहुंचे यहां उन्होंने अनुमंडल अस्पताल हवेली खड़गपुर में विभिन्न चिकित्सीय सेवाओं का शुभारंभ किया तथा खड़गपुर झील के विकास कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने 100 बेड वाले अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सीय सेवाओं का शुभारंभ क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने हवेली खड़गपुर झील के पास किए गए सुंदरीकरण कार्यों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने झील के समग्र विकास को लेकर अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पथ निर्माण विभाग, पर्यटन एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लघु सिंचाई विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी योजना के अंतर्गत मुंगेर जिले की पांच प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों–तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर, टेटिया बंबर और हवेली खड़गपुर–में आधारभूत संरचना निर्माण का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसानों को बेहतर विपणन सुविधाएं मिलेंगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि स्वास्थ्य, पर्यटन और कृषि से जुड़े इन विकास कार्यों से मुंगेर जिले को नई गति मिलेगी और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## सीमेंट से लदी मालगाड़ी डिरेल, 17 बोगियां पटरी से उतरीं और नदी में गिरे 3 डिब्बे

# बिहार-झारखंड सीमा पर बड़ा ट्रेन हादसा



**एजेंसी। पटना**

जसीडीह, झाझा मुख्य रेलखंड पर शनिवार देर रात करीब 11:25 बजे एक बड़ा रेल हादसा सामने आया, जिससे रेलवे महकमे में हड़-कंप मच गया। जसीडीह से झाझा की ओर जा रही एक मालगाड़ी के आठ डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना टेलवा बाजार हॉल्ट के समीप बडुआ नदी पर बने पुल के पास हुई। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मालगाड़ी के तीन डिब्बे सीधे पुल के नीचे जा गिरे, जिससे आसपास का इलाका भी क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक तेज आवाज के साथ मालगाड़ी के कई डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतरते चले गए। कुछ ही पलों में घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई।हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई। दुर्घटना के बाद जसीडीहझ्झाझा रेलखंड पर अप और डाउन दोनों लाइनों पर रेल परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया। कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों को रास्ते में विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया, जबकि कुछ ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से चलाने की तैयारी की जा रही है। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरीय अधिकारी, तकनीकी टीम और दुर्घटना राहत दल मौके पर पहुंच गए। क्रेन और अन्य भारी मशीनों की मदद से पटरी से उतरे डिब्बों को हटाने तथा क्षतिग्रस्त ट्रैक की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, प्राथमिक जांच में ट्रैक या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ही रेल परिचालन बहाल किया जाएगा। इस दुर्घटना के चलते जसीडीहझ्झाझा रेलखंड पर कई घंटों तक रेल यातायात प्रभावित रहने की संभावना जताई जा रही है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से संयम बरतने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की है।इस संबंध में पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि आसनसोल मंडल के लाहाबन, सिमुलतला स्टेशनों के मध्य किलोमीटर 344/05 के पास 27 दिसंबर 2025 को रात 23:25 बजे एक मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण इस रेलखंड के अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर रेल परिचालन बाधित हो गया है। सूचना मिलते ही आसनसोल, मधुपुर और झाझा से दुर्घटना राहत ट्रेनें (एआरटी) घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गई थीं और रेल परिचालन बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है।

### नदी पर बने पुल पर हुआ है हादसा

मिली जानकारी के अनुसार, सीमेंट से भरी मालगाड़ी जसीडीह की ओर से अप ट्रैक पर आ रही थी कि जसीडीह-झाझा मुख्य रेल खंड के मध्य टेलवा बाजार हॉल्ट के पास हादसे का शिकार हो गई. बधुआ नदी पर बने पुल नंबर 676 पर मालगाड़ी डिरेल हो गई. डगमगाते हुए ट्रेन के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए और बाकी डिब्बे लेकर इंजन आगे निकल गया. जोरदार झटके लगने पर पायलट ने इंजन बंद किया और नीचे उतरकर देखा कि डिब्बे उतरे हुए हैं और 3 डिब्बे बधुआ नदी में गिरे हैं.

### हादसे की जांच के आदेश दिए गए

पायलट ने हादसे की सूचना रेलवे अधिकारियों को दी. रेलवे अधिकारी पढ्त्रऱ्ष्ठ और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. क्रेन बुलाकर नदी से डिब्बों को निकलवाया गया. पटरी से उतरे डिब्बों को वापस पटरी पर लाया गया. हालांकि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन माली नुकसान उठाना पड़ा है. वहीं हादसा होने की वजह पता नहीं चली है, इसलिए रेलवे विभाग ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं. साथ ही हादसाग्रस्त रेल खंड से गुजरने वाली सभी ट्रेनें भी डायवर्ट कर दी गई हैं.

## एक नजर

### सहरसा में इंटर छात्र का फंदे से लटका मिला शव, इलाके में सनसनी

**सहरसा।** सहरसा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सदर थाना क्षेत्र के नियामत टोला, वार्ड संख्या 8 में पुलिस ने एक इंटर के छात्र का शव बरामद किया है। शव फंदे से लटका हुआ पाया गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान करीब 18 वर्षीय नीतीश कुमार के रूप में हुई है। वह सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबनी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में चर्चा और चिंता का माहौल बना हुआ है।

### बिहार में भीषण ठंड के बीच बड़ा हादसा, रूम हीटर से झुलसकर बुजुर्ग शख्स की मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में कड़ाके की ठंड के बीच एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। जिले के सकरा थाना क्षेत्र में रूम हीटर तापने के दौरान एक बुजुर्ग आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया, जहां वह जिंदगी से जंग हार गए। जानकारी के अनुसार, घटना सकरा थाना क्षेत्र के रजिस्ट्री गेट के समीप फरीदपुर गांव की है। घायल बुजुर्ग की पहचान 80 वर्षीय रामनाथ सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार को अत्यधिक ठंड होने के कारण रामनाथ सिंह अपने कमरे में अकेले बैठकर रूम हीटर से शरीर गरम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक हीटर से उठी चिंगारी ने उनके कपड़ों और बिस्तर को अपनी चपेट में ले लिया। जब आग की लपटें तेज हुईं और बुजुर्ग ने मदद के लिए शोर मचाया, तब आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने देखा कि कमरा धुएं से भरा हुआ था और रामनाथ सिंह आग की लपटों से घिरे हुए थे। घर में उस वक्त कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था, जिससे स्थिति और विकराल हो गई। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया और हीटर को कमरे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बुजुर्ग का शरीर काफी हद तक झुलस चुका था।

### मुजफ्फरपुर: ट्रेन में चोरी का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार; जेवरात बरामद

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर रेल पुलिस ने एक ट्रेन में हुई चोरी के मामले को सुलझाते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चोरी हुए आभूषण और कीमती सामान बरामद किया हैं। 10 दिसंबर 2025 को सुमीत कुमार ने काजी मुहम्मद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके मौसा संजीव खेमका और मौसी प्रीति खेमका गाड़ी संख्या 14015 सद्भावना एक्सप्रेस के कोच ए/2 में यात्रा कर रहे थे, तभी सोनपुर स्टेशन के पास अज्ञात चोरों ने प्रीति खेमका का लेडीज पर्स चुरा लिया। पर्स में तीन डायमंड अंगूठी, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का ब्रासलेट, एक आईफोन-16, इयर पॉड, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे महत्वपूर्ण सामान थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय सहयोग के आधार पर लगातार छापेमारी की। इस दौरान, पटना के राजीव नगर और शिवहर के नगर शिवहर व सीतामढ़ी के नगर थाना क्षेत्र से कुल छह अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में अंकित कुमार (19), धीरज सिंह (40), मंजू देवी (40), शंकर शाह (57), रमेश कुमार (25), और बद्रीनाथ प्रसाद (57) शामिल हैं।

## परिवार की जमीन हो तो हिस्सेदारों में बंटवारा अब एक आवेदन पर, जमाबंदी की नई व्यवस्था लागू




**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने पारिवारिक भूमि बंटवारे की प्रक्रिया को सरल, आसान और विवाद-मुक्त बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। 27 दिसंबर से बंटवारा दाखिलझ्खारिज की नई व्यवस्था राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बिहारभूमि पोर्टल पर लागू कर दी गई है। अब एक ही आवेदन के माध्यम से परिवार के सभी हिस्सेदारों के नाम उनके हिस्से की जमीन पर जमाबंदी आसानी से हो सकेगी।इस व्यवस्था की घोषणा उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पूर्व की व्यवस्था में पारिवारिक बंटवारे के बाद प्रत्येक हिस्सेदार को अपने हिस्से की जमीन के लिए अलग-अलग दाखिलझ्खारिज कराना पड़ता था, जिससे आम लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि प्रधान सचिव सीके अनिल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने अल्प समय में नई व्यवस्था विकसित की, जिसे अब बिहारभूमि पोर्टल की दाखिलझ्खारिज सेवा के अंतर्गत लागू कर दिया गया है। इस नई प्रणाली से आम रैयतों को काफी सहूलियत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने पूर्वजों की भूमि का विधिवत बंटवारा कर डिजिटल माध्यम से अपने हिस्से की जमीन की जमाबंदी अपने नाम से अवश्य कराएं। उन्होंने विशेष रूप से उन लोगों से आग्रह किया, जिनके यहां मौखिक बंटवारा के आधार पर जमीन पर कब्जा और उपयोग हो रहा है, वे इस नई सुविधा का लाभ उठाकर अपने मौखिक बंटवारे को सरकारी दस्तावेजों में दर्ज कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि मौखिक बंटवारा भविष्य में पारिवारिक विवाद और सरकारी योजनाओं तथा सुविधाओं से वंचित होने का कारण बन सकता है।विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत उत्तराधिकार-सह-बंटवारा की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।


## सहरसा मंडल कारा में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप



**एजेंसी। सहरसा**

सहरसा मंडल कारा में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जबकि परिजन हत्या का आरोप लगा रहें हैं। जेल में बंद सुनील साह की गला रेतकर हत्या किए जाने का आरोप परिजन लगा रहे हैं। मृतक रेप केस मामले में पिछले 22 महीने से मंडल कारा में बंद था। वहीं मंडल कारा प्रशासन के ओर से कोई भी पदाधिकारी सदर अस्पताल में मौजूद नहीं था। वहीं इस बाबत मृतक कैदी सुनील साह के भाई का कहना है कि रेप के झूठे मुकदमे में उनके भाई सुनील साह को फंसाया गया था। जो 22 महीने से जेल में बंद था, आज अचानक जेल से फोन आया कि उनके भाई की तबीयत खराब है उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जब परिजन सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा की सुनील साह की मौत हो गयी थी। उसका गला रेता हुआ था, जिसे देखने से प्रथमद्दया मामला हत्या का प्रतीत होता है। वहीं इस पूरे मामले में जेल प्रशासन का कोई भी अधिकारी सदर अस्पताल में मौजूद नहीं था। इधर जानकारी मिलते हीं सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुँचे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कई बार फोन से संपर्क करने के बाबजूद भी सम्पर्क नहीं हो पाया। उक्त मामले में फिलहाल पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। मामला हत्या का है या आत्महत्या का ये कहना अभी जल्दबाजी होगी। वहीं जेल प्रशासन की ओर कोई ब्यान नहीं आया, लगातार सम्पर्क किया जा रहा है।

## 4 करोड़ साइबर फ्रॉड में हरियाणा ईओयू का बिहार में छापा, महिला गिरफ्तार, पति फरार



**एजेंसी। पटना**

हरियाणा के फरीदाबाद से आई आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले में बिहार के शेखपुरा जिले से एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान शेखपुरा शहर के हसनगंज मोहल्ला निवासी गुड़िया देवी के रूप में हुई है, जो सुरेंद्र कुमार की पत्नी है। पुलिस कार्रवाई के दौरान महिला का पति मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। कोर्ट में पेशी के बाद हरियाणा पुलिस गुड़िया देवी को अपने साथ फरीदाबाद ले गई है। सदर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह मामला फरीदाबाद के सारन थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पीड़ित इंद्रपाल वर्मा, निवासी सारन थाना क्षेत्र, को स्टॉक मार्केट में निवेश कर पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करीब चार करोड़ रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया था। ठगी की यह वारदात फरीदाबाद निवासी रुपम नामक व्यक्ति ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अंजाम दी थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि शेखपुरा के हसनगंज से गिरफ्तार गुड़िया देवी की एक बहन फरीदाबाद में रहती है और उसका घर जालसाज रुपम के घर के पास ही है। इसी रिश्ते और भरोसे का फायदा उठाकर ठगी की रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया गया। जांच में पता चला कि ठगी की गई राशि में से 80 लाख रुपये शेखपुरा में रहने वाली गुड़िया देवी के बैंक खाते में भेजे गए थे। पुलिस के अनुसार, इस पूरे ठगी कांड का मास्टरमाइंड नालंदा जिले के नूरसराय निवासी सर्वजीत कुमार है। सर्वजीत ने ही स्टॉक एक्सचेंज में निवेश कर कम समय में रकम दोगुनी करने का आइडिया दिया था और इसके जरिए पीड़ित को जाल में फंसाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया था, जिसके बाद ठगी की पूरी परतें धीरे-धीरे खुलती चली गईं। गिरफ्तार गुड़िया देवी ने पुलिस के सामने अपनी सफाई पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में उसकी बहन ने 80 लाख रुपये उसके खाते में भेजे थे। उसके अनुसार, बहन के बेटे को कैंसर होने की जानकारी मिलने के बाद उसने वह पूरी रकम बहन को वापस कर दी थी। गुड़िया देवी का दावा है कि उसे इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि यह पैसा ठगी का है या उसकी बहन ने यह राशि कहां से और किस माध्यम से उसके खाते में भिजवाई थी।

## बिहार में घना कोहरा और भीषण ठंड का कहर : 5 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट जारी



**एजेंसी। पटना**

बिहार में इस समय मौसम का मिजाज बेहद सख्त बना हुआ है। घने कोहरे और भीषण ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में ह्यकोल्ड डेह्न की स्थिति बनी हुई है, जहां दिन के समय भी ठंड का असर कम नहीं हो रहा। सुबह और देर रात घना कोहरा छाने से विजिबिलिटी नाममात्र रह गई है, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात पर व्यापक असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से कई डिग्री नीचे दर्ज किया जा रहा है। खासकर उत्तर और मध्य बिहार के जिलों में पछुआ हवाओं के कारण ठिठुरन और बढ़ गई है। दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिल पा रही, जिसे मौसम वैज्ञानिक कोल्ड डे की स्थिति बता रहे हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री तक कम बना हुआ है। घने कोहरे का सबसे ज्यादा असर यातायात व्यवस्था पर देखा जा रहा है। सुबह के समय कई इलाकों में विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर तक सिमट गई है। राष्ट्रीय राजमार्गों और मुख्य सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। कोहरे के कारण कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं, वहीं कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द या री-शेड्यूल भी किया गया है। पटना एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट संचालन प्रभावित हुआ है, जहां कई उड़ानों में देरी की खबर है। मौसम विभाग ने हालात को देखते हुए पूरे बिहार में 5 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे की तीव्रता बनी रह सकती है। दिसंबर के अंत तक शीतलहर से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं जताई गई है। वहीं नए साल की शुरूआत भी ठंडे मौसम के साथ होने की संभावना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी इस मौसम में खास सावधानी बरतने की सलाह दी है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर खतरा ज्यादा बढ़ गया है। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि अत्यधिक ठंड से हाइपोथर्मिया का खतरा भी बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को गर्म कपड़े पहनने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी जा रही है। एराज्य सरकार और जिला प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। कई जिलों में रैन बसेरों की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है, ताकि खुले में रहने वाले लोगों को ठंड से राहत मिल सके। अलाव जलाने की संख्या बढ़ाई गई है और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया जा रहा है। स्कूलों के समय में बदलाव और कुछ जगहों पर कक्षाएं स्थगित करने जैसे कदम भी उठाए गए हैं। किसानों के लिए भी यह मौसम चिंता का कारण बना हुआ है। कोहरे और कम धूप के कारण रबी फसलों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों की नियमित निगरानी करें और आवश्यकतानुसार सिंचाई व संरक्षण के उपाय अपनाएं। कुल मिलाकर बिहार में ठंड और कोहरे का यह दौर फिलहाल थमने के आसार नहीं दिखा रहा है।

## बरौनी, नई दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस पर असमाजिक तत्वों ने किया पथराव, बाल-बाल बचे यात्री

**एजेंसी। पटना**

रेल यात्रियों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। नई दिल्ली बरौनी जा रही बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल (ट्रेन संख्या 02564) पर शनिवार सुबह असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया। यह घटना मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर रेलखंड के बीच स्थित पूसा और दुबहा स्टेशन के पास की है। यह ट्रेन करीब 15 घंटे लेट थी। प्रत्यक्षदर्शियों और रेलवे सूत्रों के अनुसार, ट्रेन जब दुबहा के पास से गुजर रही थी, तभी अचानक एक तेज पत्थर बोगी के शीशे पर आकर लगा। पत्थर की चोट इतनी जोरदार थी कि खिड़की का शीशा चकनाचूर हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई, हालांकि अचानक हुए इस हमले से बोगी में बैठे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी तुरंत ऑन-ड्यूटी टीटीई द्वारा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी गई। सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर आरपीएफ की टीम सक्रिय हुई और नारायणपुर अनंत स्टेशन से अधिकारियों का एक दल तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हो गया। आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की।